# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली



## शिक्षण अधिगम केन्द्र

### पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना

### शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

**चरण-V, कार्यक्रम सं. - 07**

## एक साप्ताहिक ऑनलाइन राष्ट्रीय

## संकाय विकास कार्यक्रम

# डिजिटल शोध कुशलता संवर्द्धन

**दिनांक 13 से 17 सितम्बर, 2021 (सोमवार-शुक्रवार)**

## परिचय:

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली के शिक्षण अधिगम केन्द्र की स्थापना **शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार** की **पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना** (PMMMNMTT) के पाठ्यचर्या एवं शिक्षणशास्त्र हेतु उत्कृष्टता केन्द्र के घटक के अन्तर्गत हुई है। यह योजना शिक्षा के सभी स्तरों में गुणात्मक सुधार करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस केन्द्र का मुख्य उद्देश्य भाषा शिक्षा विशेषकर संस्कृत से जुड़े अध्यापक एवं अध्यापक शिक्षको में शिक्षण एवं अधिगम प्रणालियों के अभिकल्पन, विकास, क्रियान्वयन एवं मूल्यांकन हेतु कौशल एवं कुशलताओं का विकास करना है। **भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा केंद्र को उच्च शिक्षा के नवनियुक्त अध्यापकों हेतु एक मासिक अनिवार्य संकाय अनुबोधन कार्यक्रम (FIP) के संचालन हेतु जारी 30 नये केन्द्रों की सूची में चिह्नित किया गया तथा उसे संस्कृत विषय में SWAYAM मंच के माध्यम से Annual Refresher Program in Teaching (ARPIT – 2018, 2019 व 2020 कोर्स) के निर्माण हेतु राष्ट्रीय संसाधन केन्द्र (NRC) के रूप में भी अधिसूचित किया गया। इसके साथ केन्द्र द्वारा उच्च प्राथमिक स्तर एवं माध्यमिक स्तर पर संस्कृत शिक्षण हेतु दो संदर्शिकाओ का प्रकाशन किया गया है। अभी तक केन्द्र द्वारा 40 कार्यक्रम एवं 3 संकाय अनुबोधन कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया जा चुका है। पंचम चरण के सभी कार्यक्रमों का संचालन माननीय कुलपति महोदय के संरक्षण में किया जा रहा है।**

## सन्दर्भ:

हम सभी जानते है कि ज्ञान को आगे बढ़ाने एवं अभ्यासों में सुधार लाने के उद्देश्य से शैक्षिक शोध शिक्षा प्रणाली के सर्वांगीण विकास में अत्यन्त महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह समस्या समाधान हेतु प्रदत्तों के संकलन एवं विश्लेषण करने के लिये एक सुपरिभाषित एवं व्यवस्थित वैज्ञानिक प्रक्रिया का अनुपालन करता है जिसके लिये बहु शोध कौशल अपेक्षित होते है। इन शोध कौशलों में डिजिटल कुशलताओं के रूप में एक नूतन अनुक्षेत्र का समावेश हुआ है जिनकी महत्ता विशेष रूप इस कोरोना काल में और बढ़ जाती है। इसके परिणामस्वरूप सभी शोध सम्बन्धित क्रियाकलापों के सुरक्षित, द्रुत, कुशल एवं प्रभावी निष्पादन हेतु डिजिटल कौशल एवं कुशलताओं की बढ़ती जरूरते उत्पन्न होती है। अतः सभी शिक्षकों एवं अनुसंधानकर्ताओं को अपने शोध कार्य करने के लिये डिजिटल ज्ञान एवं उसका बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग एवं अनुप्रयोग की योग्यता का होना प्रासंगिक बन जाता है। इस पृष्ठभूमि में एक साप्ताहिक ऑनलाइन संकाय विकास कार्यक्रम (FDP) का आयोजन शोध कार्य विशेषतः प्रदत्त संकलन से लेकर उसके विश्लेषण एवं निर्वचन करने हेतु डिजिटल कौशल एवं कुशलताओं को अभिवृद्ध करने के आशय से किया जा रहा है।

## उद्देश्य:

इस कार्यक्रम के उद्देश्य हैं -

- शोध कार्य हेतु प्रयुक्त विविध डिजिटल टूल्स एवं सॉफ्टवेयर से परिचित करना।
- विविध शोध क्रियाकलापों यथा ढूँढना, सन्दर्भन, शोध उपकरण निर्माण, प्रदत्त संकलन, उनका विश्लेषण एवं निर्वचन आदि हेतु विविध डिजिटल टूल्स एवं सॉफ्टवेयर्स के प्रयोग करने की प्रक्रिया में अंतर्दृष्टि प्रदान करना।
- डिजिटल शोध कौशल एवं कुशलताओं को संवर्द्धित करना।

## लक्ष्य समूह:

- सभी विषयों के उच्च शिक्षा के शिक्षक लेकिन भाषा एवं परम्परागत विषयों जैसे व्याकरण, वास्तुशास्त्र, दर्शन, साहित्य, धर्मशास्त्र, ज्योतिष आदि के शिक्षकों को प्राथमिकता।
- परम्परागत एवं आधुनिक दोनों विश्वविद्यालयों के अध्यापक शिक्षक।
- केवल संस्कृत विषय के TGT तथा PGT शिक्षक।
- सभी विषयों के अनुसंधानकर्ता।

## पंजीकरण:

इस कार्यशाला के लिये **पंजीकरण शुल्क ₹500/- (अप्रतिदेय)** है। इच्छुक प्रतिभागी इस लिंक https://forms.eduqfix.com/slbsnsuform/home द्वारा **11 सितम्बर, 2021 को सांय 05 बजे तक** ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिकतम प्रवेश क्षमता तक पंजीकरण पहुँचने की स्थिति में यह लिंक अंतिम तिथि से पहले बंद कर दिया जायेगा। पंजीकरण **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर प्रदान किया जाएगा।

### सक्रिय प्रतिभाग हेतु अपेक्षित सामग्री : -

1. लैपटॉप/ कैमरा एवं माइक्रोफोन के साथ कंप्यूटर/स्मार्टफ़ोन।
2. **कार्यशाला के समय उत्तम इन्टरनेट कनेक्टिविटी कम से कम 5 जीबी डाटा प्रतिदिन।**

### महत्त्वपूर्ण सूचना

ऑनलाइन प्लेटफार्म: **गूगल मीट**

- ✓ प्रतिभाग हेतु **ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य** है।
- ✓ पंजीकरण प्रपत्र में कृपया अपना **वैध ईमेल एवं Whatsapp नंबर** प्रदान करें क्योंकि कार्यशाला सम्बन्धित सभी सम्प्रेषण इन्हीं के द्वारा किये जाएंगे।
- ✓ इस कार्यशाला में प्रतिभाग/ पूर्णता (निष्पादन आधारित ग्रेड) का **ई-प्रमाणपत्र** प्रदान किया जाएगा।
- ✓ **यूजीसी अधिनियम 2018 के अनुसार इस एफडीपी का ई-सर्टिफिकेट करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के लिए मान्य होगा। (पद संख्या. 18.0 (ix)).**

**समन्वयक एवं संयोजक** — **प्रो. अमिता पाण्डेय भारद्वाज**, निदेशक

**सह-संयोजक** — **डॉ. पिंकी मलिक एवं डॉ. दिनेश यादव**

**कार्यक्रम सुगमकर्ता** — **श्री सुरेन्द्र नागर, श्री ज्ञान चन्द शर्मा, श्री राकेश काण्डपाल, श्री अक्षत डबराल एवं श्री सचिन कुमार।**

**संरक्षक**

**प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय**

कुलपति

**आयोजक**

# शिक्षण अधिगम केन्द्र

**पंडित मदन मोहन मालवीय राष्ट्रीय शिक्षक एवं शिक्षण योजना, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार**

## श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्रदत्त
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
अन्य जानकारी हेतु-
सम्पर्क सूत्र -9891777666, 9716692396, 8285513959
ई-मेल: tlc@slbsrsv.ac.in वेबसाइट: www.slbsrsv.ac.in